11 50 हेक्टेयर में मूंगफली फसल की प्रदर्शनी



12 पुलिस और पब्लिक के बीच बना दोस्ताना माहौल



## ख़बर संक्षेप

### आज से खरमास प्रारंभ, शुभ कार्य पर ब्रेक

**धमतरी।** विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पं राजकुमार तिवारी ने बताया कि ग्रहों का राजा सूर्य एक माह राशि परिवर्तन कर लेते हैं। 15 दिसम्बर पौष मास कृष्ण को सूर्य वृश्चिक राशि छोड़कर धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसे सूर्य की धनु संक्रान्ति कहा जाता है। खरमास या मलमास भी कहते हैं। धर्म शास्त्र की मान्यता के अनुसार जब सूर्य का धनु राशि में गोचर चल रहा हो तो ऐसे समय में गृह प्रवेश, सगाई, विवाह, यज्ञोपवित संस्कार, मुंडन संस्कार सहित सभी शुभ कार्य वर्जित है। खरमास में भागवत परायण, व्रत उपवास, द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन आदि धार्मिक कार्य किये जा सकते हैं। इससे भक्तों का रोग, दोष, ताप से मुक्ति मिलती है एवं भाग्य में आने वाले अवरोध समाप्त होते हैं।

### बेलौदी में मड़ई 20 को

**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास जयंती पर इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में शिवगंगा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम होगा।

### कोलियारी में 24-25 को साईं कथा अमृत बोध



**धमतरी।** श्री साईं बाबा मंदिर कोलियारी में साईं जन्मोत्सव के अवसर पर 24 एवं 25 दिसंबर को संगीतमय श्री साईं कथा अमृत बोध का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक डॉ दिनेश सोनकर ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक साईं कथा होगी। 4 बजे से 6 बजे तक साईं भंडारा होगा। जो श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो पाएंगे, उनके लिए श्री साईं कथा अमृत बोध का सीधा प्रसारण यूट्यूब के श्रीराम कथा सत्संग चैनल पर किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री साईं बाबा मंदिर कोलियारी धमतरी, श्री साईं मंदिर चिरचाड़बांध (आमगांव) नागपुर, श्री साईं सेवा समिति भखारा, श्री साईं समर्पण समिति अटंग, कुरूद तथा कोलियारी के ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

## औषधि गार्डन की जगह पिकनिक स्पॉट का लिया रूप

# हर्बल मानव वन अपने उद्देश्य से भटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल पर्यटन पैकेज के रूप में विकसित हर्बल मानव वन अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। पर्यटकों को औषधि पौधों की पहचान और उससे उपचार से रूबरू कराने वाला यह प्रोजेक्ट अब पिकनिक स्पाट में तब्दील हो गया है। एडवेंचर और गार्डन से हरियाली गायब हो चुकी है। वन्य प्राणियों के लिए बनाए गए रेस्क्यू पाइंट तथा चिड़िया घर वीरान पड़े हैं।

करीब 12 साल पहले जिला प्रशासन और वन विभाग ने गंगरेल पर्यटन पैकेज के रूप में हर्बल मानव वन की आधारशिला रखी थी। यहां 50 फीट लंबी तथा 20 फीट चौड़ी जमीन पर मानव आकृति बनाई गई। मानव आकृति के प्रत्येक अंग में ऐसे औषधि पौधे रोपे गए जो उस अंग के उपचार में काम आता है। इसके





अलावा नक्षत्र वन, राशि वन, सौर मंडल, सप्तऋषि, देव गुड़ी, सप्त देवी वाला आकर्षक मानव वन तैयार किया गया। औषधि पौधों की जानकारी देने बकायदा गाइड की व्यवस्था की गई थी।

रविवार को हर्बल मानव वन की सैर करने पहुंचे अशोक पटेल, धनीराम बताते हैं कि मानव वन का प्रवेश शुल्क 20 रुपए है। यहां प्रवेश करने पर कई जगह पर लोग खाना बनाते और पिकनिक मनाते दिखे। गार्डन में हरी-भरी घास की जगह सूखा बनबूटा नजर आ रहा है। नक्षत्र वन, मानव वन, राशि वन, सौर मंडल से संबंधित लगाए गए पेड़ पौधे भी गायब हैं। उनका कहना है कि हर्बल मानव वन अपने उद्देश्य से भटक गया है।

मानव वन में पिकनिक मना रहे उदयसिंह, राजेश कुमार ने बताया कि यहां एडवेंचर तो है लेकिन एक्टीविटिज कराने वाला नहीं है। एडवेंचर में घासफूस उग आई है। चिड़ियाघर वीरान पड़ा है। वन्य प्राणियों के लिए बनाया गया रेस्क्यू पाइंट भी बेजार है। औषधि पौधों की नेमप्लेट रह गई है और पौधे गायब हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग को हर्बल मानव वन में औषधि पौधे लगाकर लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना चाहिए।

### सैलानियों से गुलजार रहा गंगरेल पर्यटन

रविवार को गंगरेल पर्यटन सैलानियों से गुलजार रहा। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर सुमंतकुमार बताते हैं कि गंगरेल पर्यटन पूरे शबाब पर है। रविवार को 10 हजार से अधिक सैलानियों ने पर्यटन का अपने-अपने अंदाज में लुत्फ उठाया। कॉटेज, पाली हाउस की एडवांस बुकिंग जारी है। अंतर्राज्यीय तथा प्रदेश के पर्यटक रात में ठहरकर सर्द मौसम को इंज्वाय कर रहे है।

### प्रसादी स्थल में शेड निर्माण की मांग

मां अंगारमोती के दरबार में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। देवी स्थल के आसपास हजारों लोग भोजन पकाते और प्रसादी ग्रहण करते रहे। माता दरबार के पीछे भोजन पका रहे पटेल परिवार के साधुराम, रामकुंवर, सेवतीबाई ने बताया कि शुक्रवार और रविवार को सैकड़ों परिवार माता को मन्नत देने पहुंचते हैं। जगह-जगह पर लोग आग जलाकर भोजन पकाते हैं और प्रसादी ग्रहण करते हैं। यह स्थान पथरीला है। उंची नीची जमीन होने से लोगों को बैठकर खाना खाने में भी दिक्कतें होती हैं। बारिश में पानी से और गर्मी में धूप से लोगों को परेशानी होती है। मंदिर ट्रस्ट को इस स्थान पर कम से कम 50 शेड बनाना चाहिए जिससे लोग खाना पकाने तथा बैठकर खा सके। प्रति शेड का चार्ज लेने से ट्रस्ट को इनकम भी होगी।

# कम नहीं हुई चालान की राशि, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- एक ही वाहन का कई बार कट रहा चालान, 80-90 हजार रुपए तक जुर्माना

शहर में लगे हाईटेक कैमरे से कई लोगों का चार से पांच बार चालान कट गया। एक वाहन का तो 90 हजार रुपए का चालान कट गया। इससे परेशान वाहन चालक पुराने आरटीओ कार्यालय पहुंचे। यहां से भी वे निराश होकर लौटे। उन्होंने बताया कि धमतरी जैसे छोटे शहर में इस प्रकार बिना किसी सूचना के चालान काटना सही नहीं है।

जिले में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा रत्नाबांधा चौक में एआई तकनीक से लैस हाईटेक कैमरा लगाया गया है। यह कैमरा परिवहन विभाग के सिस्टम से जुड़ा हुआ है जो खुद ही फोटो खींचता है और चालान जनरेट कर सीधे वाहन मालिकों के मोबाइल पर मैसेज भेज देता है। यह कैमरा रायपुर से संचालित हो रहा है। पिछले 20-25 दिनों में कई लोगों के वाहन इस कैमरे की जद में आए और कैमरे ने उनका चालान काट दिया। शनिवार को



रुद्री स्थित पुराना परिवहन कार्यालय पहुंचे पन्नालाल देवांगन ने बताया कि उनके वाहन का कैमरे ने 20 बार चालान काटा। इस प्रकार चालान की राशि 90 हजार रुपए तक पहुंच गई। रूद्रेश्वर ने बताया कि उसे तीन बार चालान की सूचना मिली है। पहली बार में 10 हजार, दूसरी बार 28 और तीसरी बार 42 हजार रुपए का चालान कटा है। तोषण कुमार ने बताया कि उसके वाहन पर 46 हजार रुपए का चालान कटा है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को आरटीओ विभाग द्वारा लोक अदालत लगाई गई थी, जिसमें ये वाहन मालिक चालान की राशि कम कराने की नीयत से पहुंचे थे। चालान रायपुर से जनरेट होने के कारण अधिकारियों ने इस मामले में हाथ खड़े कर दिए। वाहन मालिकों को निराश होकर लौटना पड़ा।

### दस्तावेज दुरूस्त करवाने में कई समस्याएं

वाहन मालिकों ने बताया कि वे भी वाहन के दस्तावेज दुरूस्त रखना चाहते हैं, लेकिन परिवहन विभाग में दस्तावेज दुरूस्त करवाने में उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई वाहन चालकों का तो परमिट नहीं होने के कारण दस्तावेज नहीं बना है। कुछ दस्तावेज तो बन ही नहीं पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें चालान पटाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले परिवहन विभाग वाहनों के दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया में सुधार करे, उसके बाद ई चालान जनरेट करे।

### प्रदूषण और बीमा के नाम लूट

वाहन चालकों ने बताया कि अधिकांश ई-चालान प्रदूषण जांच नहीं होने पर, गाड़ी का इंश्योरेंस नहीं होने पर जारी किया गया है। कई बड़े वाहनों का फिटनेस नहीं होने की स्थिति में उन्हें भारी भरकम चालान जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि यह चालान रायपुर से जारी हुआ है। ऐसे मे वाहन चालकों को या तो चालान ऑनलाइन पटाना होगा या फिर रायपुर जाकर चालान जमा करना होगा।

# जिले में पूरा हुआ एसआईआर का पहला चरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में एसआईआर का पहला चरण कम्पलीट हो चुका है। शत प्रतिशत मतदाताओं से फार्म लिए जा चुके हैं। जिले में 6 लाख 47 हजार 147 मतदाता हैं। कुछ मतदाताओं की जानकारी नहीं मिल रही है। खोजबीन के बाद भी उनका कोई अता- पता नहीं है। बाकी मतदाताओं से फार्म जमा लेकर डेटा डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। इन मतदाताओं में करीब 8 हजार मतदाता ऐसे हैं, जिनका खुद का या परिजनों का नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल नहीं है। इन मतदाताओं का सत्यापन एसडीएम करेंगे। इसके बाद दावा आपत्ति मंगाई जाएगी और दावा आपत्ति का



### शत-प्रतिशत हुआ काम

जिले में एसआईआर के तहत मतदाताओं की जानकारी शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन की जा चुकी है। वैसे इसकी तिथि बढ़ा दी गई है। अब मतदाताओं के सत्यापन का काम होगा। दावा -आपत्ति ली जायेगी और निराकरण भी किया जाएगा।

\- **पवन प्रेमी**, *उप जिला निर्वाचन अधिकारी*

निराकरण किया जाएगा। नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा। 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**केस 1**

ग्राम खपरी में 1306 मतदाता हैं, जिन्हें एसआईआर के लिए फार्म दिया गया था। बीएलओ अनिता साहू ने बताया कि सभी मतदाताओं के फार्म जमा हो चुके हैं। इसमें से 16 की मौत हो चुकी है। कुछ बाहर शिफ्ट हो गए हैं। फर्जी मतदाता वाली स्थिति यहां पर नहीं है।

**केस 2**

ग्राम अर्जुनी के बीएलओ भूषण साहू ने बताया कि उनके मतदान केंद्र में 929 मतदाता हैं। इसमें से 926 को एसआईआर फार्म का वितरण किया जा सका। 3 मतदाता का कोई अता-पता नहीं है। ये मतदाता ऑनलाइन जुड़े थे, न तो गांव वाले उन्हें जानते हैं और न और कोई। सभी 926 फार्म जमा हो चुके हैं। इसमें से 57 लोग गांव छोड़कर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं। 38 की मौत हो चुकी है। 19 मतदाताओं के दो जगह नाम थे।

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता |
| कुरूद | 3 पद | 12वीं से स्नातक |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी मो. 9826114710
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

# भूले-बिसरे गीतों की सुरमयी शाम 18 दिसंबर को

- अंतराकला परिषद् व भारतीय जैन संगठन की संयुक्त संगीतमय प्रस्तुति

**धमतरी।** अंतराकला परिषद् एवं भारतीय जैन संगठन धमतरी शाखा द्वारा भूले-बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन 18 दिसंबर को शाम 7:30 बजे से स्थानीय विमल टॉकीज परिसर में किया गया है। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें मुंबई, पुणे एवं इंदौर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को पुराने मधुर गीतों की यादों में ले जाएंगे। सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से श्रोता स्वर्णिम संगीत युग



की मधुर अनुभूतियों से रूबरू होंगे।

आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए विशेष रूप से आकर्षक रहेगा। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को संजोना तथा नई पीढ़ी को पुराने गीतों की भावनात्मक गहराई से परिचित कराना है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ 1699 से ₹ 2599 प्रति पीस वाले
विश्व स्तरीय प्रीमियम क्वालिटी कॉटन ब्रांडेड
100% कॉटन प्रीमियम क्वालिटी
मेन्स शर्ट
₹333 में प्रति पीस
1 शर्ट की कीमत मात्र ₹333 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
रूद्री रोड, धमतरी
*condition apply

## खबर संक्षेप

### नवागांव में निकलेगी सतनाम संदेश यात्रा

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थूहा) में इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सतनाम संदेश यात्रा निकाली जायेगी जिसके माध्यम से घासीदास बाबा द्वारा दिए गए उपदेशों और इस भूमि पर जन्मे महापुरुषों संत माता कर्मा, कबीर दास, संत रविदास, ज्योतिबा राव फुले, माता सावित्रीबाई फुले, छत्रपति शिवाजी, शहीद वीरनारायण सिंह, ममतामई मिनीमाता जैसे महान समाज सुधारकों के मानवतावादी विचारों को मानव समाज के बीच रखने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान पुरखा के सुरता पंथी नृत्य पार्टी बालिका पंथी पार्टी घाना भिलाईगढ़ जांजगीर चांपा की प्रस्तुति होगी। शाम 5 बजे जयस्तम्भ में पालो चढ़ाने का कार्यक्रम होगा। रात्रि में ज्ञान के पूजा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत नाच पार्टी ग्राम मुरमाड़ी जिला गोंदिया महाराष्ट्र प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम की तैयारी में सतनामी समाज के अध्यक्ष घटोत्कछ लहरे, उपाध्यक्ष भीम लहरे, त्रिलोचन लहरे, सचिव छन्नू महिलांगे, संजय लहरे, डोमार लहरे, दिनेश लहरे, रामनाथ लहरे, कुंवरलाल लहरे, नंदकुमार, डोमार लहरे, मनोज महिलांगे, सुरेश लहरे, देवकुमार, अमृत कुमार, खुमान, चंद्रशेखर, त्रिवेंद्र, योगेश सहित सामाजिकजन जुटे हुए हैं।



■ पंथी नृत्य, छत्तीसगढ़ी नाचा की होगी प्रस्तुति

किसानों ने संबंधित विभाग से शीघ्र ही धान का उठाव करने की मांग की

# ब्लॉक के कई खरीदी केंद्रों में धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित घुटकेल में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य जोरों पर जारी है। नगरी, सांकरा, सेमरा, बेलर, घटुला , उमरगांव , फरसियां, सिहावा, कसपुर, घुटकेल, गढ़डोंगरी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है जिसके चलते परिसर में जगह की कमी महसूस होने लगी है।

किसानों ने बताया कि केंद्र में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन धान उठाव समय पर नहीं होने से भारी मात्रा में स्टॉक जमा हो गया है। धान की ऊंची ढेर लग जाने से नई आवक के लिए पर्याप्त स्थान



उपलब्ध कराना कठिन होता जा रहा है। किसानों ने संबंधित विभाग से शीघ्र ही धान का उठाव करने की मांग की है, ताकि खरीदी कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। उपार्जन केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। शासन के निर्देश पर केंद्र में निगरानी समिति का गठन किया गया है, जो गुणवत्ता परीक्षण, निरीक्षण एवं खरीदी प्रक्रिया की निरंतर निगरानी कर रही है। उन्होंने भी कहा कि समय पर उठाव न होने से केंद्र में जगह की परेशानी बढ़ रही है।

समिति के अध्यक्ष प्राधिकृत अधिकारी शुभम सिंह नागवंशी, सरपंच प्रतिनिधि कुसुमलता वीरेन्द्र मरकाम, कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिनिधि मंगलाल देव सहित समिति अनेक सदस्यों ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संबंधित अधिकारी से बात करने पर बताया कि डीओ जारी नहीं हुआ है जिसके कारण केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है।

# विधायक ओंकार ने पीड़ितों से की मुलाकात



■ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बालोद जिला अंतर्गत थाना गुरूर क्षेत्र के भरदा के पास हुई अमानवीय एवं निंदनीय घटना के पीड़ितों से विधायक ओंकार साहू ने उनके गृह ग्राम रांवा पहुंचकर मुलाकात की। विधायक ने पीड़ित बलराम साहू, सतीष साहू एवं वेदप्रकाश साहू से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और हरसंभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि 6 दिसंबर 2025 की रात 20-25 अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पीड़ितों के साथ बेरहमी से मारपीट, लूटपाट एवं जान से मारने का प्रयास किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उपचार के बाद वर्तमान में पीड़ित घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। विधायक ओंकार साहू ने घटना को मानवता को शर्मसार करने वाली बताते हुए पुलिस अधिकारियों को आरोपियों की शीघ्र पहचान, गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्याय में लापरवाही होने पर वे पीड़ितों के साथ आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पीड़ित परिवारजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जगत में माता-पिता हैं सर्वप्रथम पूजनीय : निष्ठा साहेब





■ आज होगा दो दिवसीय सत्संग समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री में 14 और 15 दिसंबर को दो दिवसीय सत्संग का आयोजन रखा गया है। प्रवचनकर्ता सदगुरु निष्ठा साहेब बाराबंकी उत्तरप्रदेश से अपनी संत मंडलियों के साथ पहुंचे हैं। प्रथम दिवस सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक प्रवचन पश्चात आरती की गई। प्रवचन में निष्ठा साहेब ने कहा कि माता-पिता ही प्रथम पूजनीय भगवान स्वरूप है। माता पिता और गुरुओं द्वारा ही परमपिता परमात्मा का बोध कराया जाता है। मानव को सत्कर्म करते हुए अपने माता-पिता की सेवा में लीन रहना चाहिए और इसे अपना सौभाग्य मानना चाहिए। उनका आशीर्वाद सदैव फलित होता है। आज सोमवार को सत्संग का समापन होगा। मौके पर राजकुमार साहू, ठाकुरराम साहू, लीलाराम साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, बालमुकुंद साहू, मोहन साहू, घनश्याम साहू, नेकराम पटेल, सुरेश सार्वा, जोहत साहू, झामिन साहू, ललिता साहू, दशोदा साहू, शान्ति साहू, योगेश्वरी साहू, कमलेश साहू समेत अन्य ग्रामीण प्रवचन सुनने पहुंचे।

### 15 को कुरूद और 17 को धमतरी में निकलेगी सतनाम संदेश यात्रा

**कुरूद।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 15 दिसंबर को कुरूद नगर में सतनामी समाज द्वारा सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाएगी। संदेश यात्रा चंडीपारा जैतखाम प्रांगण से निकलकर पुराना बाज़ार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक, नया बस स्टैंड से सतनाम भवन डिपो रोड सभास्थल तक पहुंचेगी। पंथी, चौका, डीजे, झांकी और अखाड़ा जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। धमतरी शहर में 17 दिसंबर को भव्य सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाएगी। सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे, हरिशंकर सोनवानी सतनामी समाज जिला संगठन मंत्री ने सतनाम संदेश यात्रा में उपस्थित होने की अपील की है।

# नारी परिवार का केंद्र बिंदु है : चेतना रणसिंह



■ सशिमं आमातालाब में नारियों पर आधारित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में नारियों पर आधारित सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती श्यामा साहू, मुख्य वक्ता श्रीमती शोभा दुबे, श्रीमती चेतना रणसिंह, प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू थीं। अध्यक्षता श्रीमती प्रियंका सिन्हा ने की। मौके पर समिति की सदस्य सुश्री एकता सिंह भी उपस्थित थीं।

मुख्य वक्ता श्रीमती शोभा दुबे ने कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में बताया कि वर्तमान में परिवार बिखरता जा रहा है। यह चिंता का विषय हैं। पाश्चात्य संस्कृति भारतीय संस्कृति पर हावी हो रही है। हमारे परिवारों में संवाद प्रवाह की कमी हो चुकी है। विद्यालय की ओर से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें आई हुई माताओं ने भाग लिया। श्रीमती चेतना रणसिंह ने कहा कि जिम्मेदारी का दूसरा नाम नारी है। जैसे नारी परिवार का केन्द्र बिन्दु है, वैसे ही परिवार समाज का केन्द्र बिन्दु हैं। श्रीमती श्यामा साहू, श्रीमती प्रगति पवार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा सेन व आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य ने किया।

# परिया एवं घुरवा की भूमि पर से हटेंगे अवैध कब्जे

■ मड़ेली में गांव हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत मड़ेली के तत्वावधान में ग्राम मड़ेली में जन अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लिए गए। जन अदालत में गांव के हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिन्हें ग्रामवासियों ने ताली बजाकर ध्वनिमत से स्वीकार किया।

जन अदालत में परिया एवं घुरवा की भूमि पर मकान निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया तथा अतिक्रमणकारियों से अवैध कब्जा हटाने का निर्णय लिया गया।



सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय हुआ। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रस्ताव पारित किया गया। गांव में अवैध महुआ शराब बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने पर सहमति बनी।

गौ पालकों एवं ग्वालों के साथ समन्वय बनाकर फसलों की सुरक्षा हेतु नियम बनाए गए। गांव में मड़ई मेला पर्व से संबंधित नियमों को भी अमल में लाया गया। 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा गांवभर से सहयोग लिया जाएगा। वहीं 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस पर श्रीराम पूजा तथा 27 जनवरी को मड़ई मेला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इन आयोजनों हेतु गांव के प्रत्येक घर से 100 रुपए सहयोग राशि लेने का प्रस्ताव पारित किया गया।

मौके पर सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण साहू, जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, समिति अध्यक्ष संतराम साहू, सचिव चेतन साखरे, कोषाध्यक्ष लालसिंह चंदेल, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, महेंद्र निर्मलकर, मीडिया प्रभारी शेखर साहू, मार्गदर्शक प्रेमनारायण साहू, सूरज बैस, नारद धीवर, पूनमचंद साहू पंच, तुलसी निषाद, घनाराम ध्रुव, चैतराम देवांगन, फगुआराम साहू, नागेश, नारायण, जयनारायण साहू, खोरबाहरा राम साहू, गीतेश साहू, ठाकुरराम विश्वकर्मा सहित अनेक ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

# प्राधिकृत अधिकारियों के दल ने विधायक से की मुलाकात



■ सोसाइटी में आ रही समस्याओं का निराकरण करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

क्षेत्र के प्राधिकृत अधिकारियों के दल (सोसाइटी अध्यक्ष) ने अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद से मिलकर सोसाइटी में आ रही समस्याएं ऑनलाइन टोकन, धान का उठाव जैसे विषयो पर चर्चा कर जल्द निराकरण करने का आग्रह किया। बताया कि सोसाइटी में धान खरीदी पश्चात उठाव ठीक से नहीं होने के कारण धान जाम हो गया है। जल्द परिवहन नहीं हुआ तो सोसाइटी में जगह अभाव के कारण धान खरीदी रोकनी पड़ सकती है। श्री चंद्राकर ने किसान हित में अतिशीघ्र व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मेघा सोसाइटी प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी, हेमंत साहू, शत्रुघन साहू रामाश्रु साहू शामिल रहे।

# 30 हितग्राहियों ने लिया बांसशिल्प का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

ग्राम आमगांव में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित सहायक निदेशक हस्तशिल्प के मार्गदर्शन में केन एवं बॉस शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 30 आदिवासी शिल्पी हितग्राहियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर नेशनल अवॉर्डी श्रीवास मलिक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन संस्था नगरी प्रगति तकनीकी सेवा संस्थान धमतरी द्वारा किया गया।

संस्था के संचालक रोशन कुमार साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद हितग्राहियों द्वारा हस्तनिर्मित सामान को विक्रय करने के लिए भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा समय-समय पर शिल्प मेला आयोजित करती है। क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम और पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने आमगांव में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण की सराहना की।

# कलेक्टर उतरे खेत में, किसानों से संवाद कर सुनी समस्याएं

■ कलेक्टर मिश्रा ने किया कई गांवों का निरीक्षण, फसलों की वास्तविक स्थिति देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के खपरी, संबलपुर, पुरी, डांडेसरा, कन्हारपुरी, भुसरेंगा, बगौद, कुर्रा, कोसमर्रा, देवरी और सिहाद सहित कई गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और विभिन्न फसलों की वास्तविक स्थिति का मुआयना किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को लाभान्वित करना, उनकी आय बढ़ाना और कृषि को लाभकारी बनाना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के साथ-साथ व्यावसायिक फसलों, दलहन, तिलहन तथा मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए।

उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि खपरी और संबलपुर के किसानों ने इस क्षेत्र में लगभग 1000 एकड़ में चने की खेती कर रहे है। कृषि विभाग ने किसानों को चना बीज उपलब्ध कराया है। पिछले वर्ष की तुलना में चना की खेती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भुसरेंगा-बगौद के किसान भी सरसों, अरहर और उड़द की खेती कर रहे हैं। कलेक्टर ने खेतों का निरीक्षण कर फसलों की स्थिति देखी और किसानों से उत्पादन, पानी, खाद एवं सुरक्षा से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली।



### किसानों की समस्याओं का होगा समाधान

किसानों ने बताया कि हाईवे के समीप होने के कारण कृषि यंत्र एवं सामग्री की चोरी होती है और गांव के पशु खेतों में घुस जाते हैं, जिससे नुकसान होता है। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस एवं संबंधित विभाग से समन्वय कर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### मिलेट व गेहूं उत्पादन को बढ़ावा

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि मिलेट न केवल पौष्टिक भोजन है, बल्कि पशु चारे के लिए भी उपयोगी है, इसलिए मिलेट उत्पादन बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएं। सिंचित क्षेत्रों में किसानों को गेहूं की खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए।

### बीज, खाद व उर्वरकों की उपलब्धता का लिया जायजा

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से बीज वितरण, उर्वरकों की उपलब्धता और भंडारण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को उन्नत किस्म के गुणवत्तापूर्ण बीज, समय पर खाद-उर्वरक, मिट्टी परीक्षण तथा नियमित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की प्रगति ही जिले की प्रगति है।

## निधन

### इतवारी राम साहू

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी इतवारी राम साहू 62 वर्ष का निधन 13 दिसम्बर को हो गया। वे श्रीमती रमलाबाई साहू के पति एवं कृपाराम साहू, राम्हू साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



सुखराम नागे कॉलेज में छात्रों को एसआईआर की दी गई जानकारी

# मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं : खालसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में छात्र-छात्राओं को एसआईआर की जानकारी दी गई। बताया कि जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो वे सभी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। जिसका वोटर आईडी कार्ड नहीं उसका नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करें। बिना डर और लालच के निष्पक्ष होकर मतदान करें व सही प्रतिनिधि का चुनाव करें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि मताधिकार आपका अधिकार और कर्तव्य है। इसका प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। स्वीप नोडल प्रो. आरआर मेहरा ने कहा कि जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है वह अपना नाम जुड़वाएं व योग्य प्रतिनिधि का चुनाव करें।



इस अवसर पर पर डॉ.रमेश देवांगन, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो. कौशल नायक, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, प्रो.लालमन बेरवंश, डॉ.कविता, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चौरे, लाकेश साहू, भूषण कुमार, सौरभ पाण्डे, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, कृष्णकुमार सिन्हा, सीता नेताम, अब्बास मेमन, गंगाधर साहू उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर
प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला-धमतरी मो. 9301661519
SAGAR TMT
यहां रेट पूछताछ जरूर कर लेवें
हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है
जैसे - अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, ड्यूरागार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### निषाद समाज की महासभा 16 जनवरी को आदर्श विवाह भी होगा

**नगरी।** सिहावा क्षेत्र के निषाद समाज की बैठक हुई। बैठक में 16 जनवरी को भक्त गुहा निषाद राज की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सामाजिक महासभा का आयोजन कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया जाएगा। निषाद समाज सिहावा क्षेत्र के अध्यक्ष अंजोर निषाद ने बताया कि इस महासभा में क्षेत्र के सभी सामाजिकजन सहभागिता करेंगे। इस दौरान आदर्श विवाह भी होगा। बैठक में उपाध्यक्ष हीरसिंह निषाद, कोषाध्यक्ष ईश्वरलाल निषाद, सचिव प्रभुलाल निषाद, सहसचिव संतोष निषाद सहित सिहावा क्षेत्र के पांच जोन के अध्यक्ष दिलीप निषाद, मनोहर निषाद, भारतग्वाल निषाद, रमेश निषाद, रामाधार निषाद, सियाराम निषाद सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल हुए ओंकार साहू

**धमतरी।** राजधानी रायपुर स्थित



राजीव भवन में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। बैठक में आगामी शीतकालीन सत्र को लेकर रणनीति तैयार करने और विधानसभा में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। 14 दिसंबर से नया विधानसभा भवन प्रदेश के महत्वपूर्ण सवालों से गूंजेगा, जहां 628 सवालों के साथ सत्र की शुरुआत होगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत विशेष रूप से मौजूद रहे। कांग्रेस विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने जनता से जुड़े मुद्दों और राज्य हित के महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि शीतकालीन सत्र में धमतरी जिले सहित पूरे प्रदेश के सवाल मुख्य रूप से कानून-व्यवस्था, धान खरीदी में दिक्कतें , किसान आत्महत्या करने को मजबूर, खराब सड़कें, अवैध खनन, जंगल की अवैध कटाई, नकली शराब , अवैध प्लॉटिंग, राशन वितरण तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों जैसे मुद्दे प्रमुख रुप से शामिल हैं।

### सड़क हादसों में दो की मौत चालकों पर मामला कायम

**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र में दो सकड़ दुर्घटना में दो लोगो की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 19 जून को बांदे निवासी गौतम देवनाथ सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक स्वयं वाहन को चलाते हुए दुर्घटना का शिकार हुआ व गंभीर चोट आने की वजह से मौत होने पर आरोपी गौतम देवनाथ के खिलाफ मामला दर्ज किया। वही दूसरी कार्यवाही में आरोपी ट्रैक्टर वाहन का चालक मनोज कोरचा 14 सितंबर को अपने वाहन को बिना किसी संकेत के मेन रोड में लापरवाही पूर्वक खड़ा किया था। मृतक उक्त खड़ा वाहन से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### निधन

#### टिकेश्वर साहू



**नगरी।** मंडी वार्ड क्रमांक 8 निवासी टिकेश्वर साहू का रविवार की शाम 6 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे नगर पांघर क्रमांक 20 के अध्यक्ष भी थे। वे अपने पीछे मां मानकेसरी बाई, पत्नी हेमलता साहू बाई तथा दो पुत्र युवराज साहू एवं शिवराज कुमार को छोड़ गए । उनकी अंतिम यात्रा में परिवारजन, सामाजिकजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

कृषि विभाग ने किया निरीक्षण, किसानों को दी उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी

# 50 हेक्टेयर में मूंगफली फसल की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



विकासखण्ड के ग्राम बुड़ेनी में मूंगफली फसल की प्रदर्शनी का निरीक्षण आरकवीवाय (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना) अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा किया गया। जिला प्रशासन के जल संरक्षण की पहल पर धमतरी जिले में पहली बार ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन फसल के रूप में मूंगफली को व्यापक रूप से अपनाया जा रहा है। यह पहल कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसल को बढ़ावा देने की दिशा में एक नवाचारपूर्ण एवं महत्वपूर्ण कदम है।

निरीक्षण के दौरान मनोज सागर अनुविभागीय अधिकारी कृषि धमतरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केएस नरेटी, कृषि विकास अधिकारी एडीओ भागीरथी राठिया, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरएईओ विजयकांत साहू उपस्थित थे। अधिकारियों ने फसल की स्थिति का अवलोकन कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, जल उपयोग दक्षता एवं फसल प्रबंधन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। 50 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली फसल की प्रदर्शनी रखी गई है। डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किसानों के खातों में अनुदान राशि प्रदान की जानी है। योजना के तहत लगभग 125 एकड़ क्षेत्र में मूंगफली फसल लगाई जा रही है, जिसमें 119 किसानों को प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

किसानों द्वारा धान के स्थान पर दलहन, तिलहन फसलों को अपनाने की दिशा में एक नया, सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास है। इससे जल संरक्षण, फसल विविधीकरण एवं किसानों की आय वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। भविष्य में इस मॉडल को जिले के अन्य विकासखण्डों में भी विस्तार देने की योजना है।

## टीचर्स एसोसिएशन ने शोक संतप्त परिवार को दी संवेदना राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकर एवं कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू के नेतृत्व में दिवंगत शिक्षक स्व. हेमंत नेताम की पत्नी श्रीमती रोहानी नेताम, पुत्र कैलाश नेताम, पुष्पराज नेताम एवं समस्त नेताम परिवार से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि स्व. हेमंत नेताम एक अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं बच्चों के प्रति पूर्णतः समर्पित शिक्षक थे। जिला अध्यक्ष डॉ. भूषण चंद्राकर ने कहा कि संघ एक परिवार है और इस परिवार के एक कर्मठ सदस्य का असमय निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि स्व. हेमंत नेताम के निधन उपरांत समस्त देयकों के भुगतान एवं अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित सभी कार्यों को समय पर पूर्ण कराने हेतु संघ हर संभव सहयोग करेगा। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के संवेदनशील सदस्यों द्वारा संवेदना सहयोग राशि के रूप में 43,100 का संग्रह किया गया, जिसे शोक संतप्त परिवार को सौंपा गया। इस अवसर पर शिक्षक पंच कुमार ध्रुव ने स्व. हेमंत नेताम द्वारा किए गए शिक्षकीय कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके आकस्मिक निधन को समाज, ग्राम एवं शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस दौरान एनआर. बघेल, हेमू मरकाम, रामनिहोरा, कोमल साहू, भूपेंद्र सपहा, भागवत साहू, तोमन ध्रुव, नीलकमल चंद्राकर, सोनल जैन, अनीता साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश साहू ने आभार व्यक्त किया।

## वीर नारायण ने छग ही नहीं अपितु पूरे देश में स्वाधीनता की अलख जगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ सुखराम नागे महाविद्यालय में शहीद को दी गई श्रद्धांजलि

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में शहीद वीरनारायण सिंह की पुण्यतिथि पर उनके बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डा.मनदीप खालसा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने सोनाखान में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका और गरीब आदिवासियों, किसानों की भूख से रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु समूचे देश में स्वाधीनता की अलख जगाई ।

इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं, एक विचार थे। 1857 के महाविद्रोह से पूर्व ही सन्‌ 1856 में सोनाखान में उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह किया और भूखे–नंगे आदिवासी किसानों के लिए अनाज लूटकर बांटने का जो साहस दिखाया, वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अद्वितीय है। अंग्रेजों ने उन्हें 10 दिसंबर,1857 को फांसी दे दी, किन्तु उनकी चिंगारी ने पूरे छत्तीसगढ़ में स्वाधीनता की लौ प्रज्वलित कर दी।

डा. अश्वनी कुमार ध्रुव ने कहा कि आज के समय में जब हम लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की बात करते हैं, तब वीरनारायण सिंह का जीवन सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने जमींदारों और अंग्रेजों की मिलीभगत से उत्पीड़ित आदिवासी–किसानों के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए न्याय की लड़ाई लड़ी।

प्रो.आरआर मेहरा ने कहा कि वीरनारायण सिंह ने 1856 में ही अंग्रेजी सत्ता को खुली चुनौती दी थी। इस अवसर पर छात्र-छात्रओं ने ओजस्वी गीत एवं कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रो. मोहित कुमार, डॉ. कविता, लालमन बेरवंश, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डे, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन, सुश्री डिलेश्वरी पटेल सहित अनेक छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## देश-दुनिया से रूबरू होने जिले के छात्रावास आश्रमों में लगेंगे टीवी

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ली आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की बैठक हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधीक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं, इसलिए उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए सभी अधीक्षक अपनी जिम्मेदारी को संवेदनशीलता और समर्पण के साथ निभाएं।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने आश्रम-छात्रावासों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण की नियमित व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यस्थिति, चौकीदार एवं महिला होमगार्ड की तैनाती सहित सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मौसमी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़ों और यूनिफॉर्म वितरण की प्रगति की भी जानकारी ली। बच्चों के ज्ञानवर्धन और शैक्षणिक विकास हेतु लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब जैसी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने आश्रमों में टीवी की व्यवस्था पर भी चर्चा की और कहा कि जिन आश्रमों में टीवी नहीं है, वहां शीघ्र स्थापना की जाएगी, ताकि बच्चे देश-दुनिया की जानकारी से अवगत हो सकें। स्मार्ट कंप्यूटर लैब की समीक्षा करते हुए उन्होंने बच्चों को बेसिक कंप्यूटर कोर्स की ट्रेनिंग देने हेतु अधीक्षकों को निर्देशित किया, जिससे उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चयनित अधीक्षकों को आईएएम में एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी कार्यकुशलता और प्रबंधन क्षमता में वृद्धि होगी। बैठक में भोथापारा और सलोनी आश्रमों की अधीक्षिकाओं को उत्कृष्ट व्यवस्था और छात्रों को उत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विमल साहू सहित सभी आश्रम-छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।

## कांग्रेसी पार्षदों ने गुणवत्ताहीन मशीन खरीदने का लगाया आरोप



■ फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम में हाल ही में स्थापित नई मशीन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण पैनल बोर्ड में आग लगने की गंभीर घटना सामने आई है। इस दौरान वहां पर कार्यरत कर्मचारी बाल-बाल बचे, जो अत्यंत चिंताजनक और गंभीर जांच का विषय है।

फिल्टर प्लांट के निरीक्षण पर पहुंचे उपनेता प्रतिपक्ष सत्येन्द्र देवांगन ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आज शहर के नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। खराब मशीन खरीदी के कारण पेयजल व्यवस्था बाधित हो गई है और कर्मचारियों की जान तक खतरे में पड़ गई।

पार्षद सुमन मेश्राम ने सवाल उठाया कि जब मशीन मात्र दो माह में ही खराब हो गई, तो उसकी गुणवत्ता जांच, तकनीकी परीक्षण और खरीदी की जिम्मेदारी आखिर किसकी थी। पार्षद पूर्णिमा रजक ने कहा कि पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण पूरे शहर में अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, गजानंद रजक मौजूद थे।

जलस्तर में आ रही गिरावट को देखते हुए किसानों ने लिया निर्णय

# ब्लॉक में 35000 से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन-तिलहन की खेती



बोराई क्षेत्र में मक्के की बड़े पैमाने में की जा रही बुवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड में लगातार गिरते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी मौसम में दलहन एवं तिलहन फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में संभावित जल संकट से निपटा जा सके।

कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार नगरी ब्लॉक में लगभग 35000 से अधिक हेक्टेयर क्षेत्रफल में विभिन्न प्रकार की रबी फसल बोई जा रही है। इनमें चना, मक्का, रागी सहित दलहन तिलहन प्रमुख हैं। मक्का 800 हेक्टेयर में लगाया जा रहा है। घुटकेल,चनागांव, बोराई, लिखमा, मैनपुर, उमरगांव, घटुला, सिहावा, टेंगना, समतरा नगरी एवं मोदे के किसानों ने बड़े पैमाने पर रबी फसल की खेती शुरू कर दी है। वहीं बोराई क्षेत्र में मक्का की सबसे अधिक बुवाई की जा रही है, इसके बाद रागी और चने का क्रम है।

बरबांधा के किसान महेश नेताम ने कहा कि रबी सीजन हर वर्ष वह गेहूं, चने की खेती करता है। अच्छी आमदनी होती है। खेतों में सौर ऊर्जा के माध्यम से पानी मिलता है। करीब 1 लाख रुपए की आय हो जाती है ।



कृषि विभाग की चेतावनी के बाद भी किसान जला रहे पराली

कृषि विभाग ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान से किसानों को बचाने के लिए राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। योजना अंतर्गत गेहूं (सिंचित, असिंचित), चना, राई-सरसों एवं अलसी को शामिल किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। किसान मित्र को जानकारी के संबंध ट्रेनिंग दी जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने लोगों से पराली न जलाने की अपील की है। आग से खेतों के जीव जंतु मर जाते हैं।

---

## संक्षिप्त खबरें

### मेले की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**धमतरी।** कबीर आश्रम लिमतरा में 6, 7 और 8 फरवरी को मेला का आयोजन किया गया है। मेले की तैयारी को लेकर अर्धनाम साहेब, सदगुरु कबीर प्राकट्यधाम लहरतारा काशी (उप्र) के सानिध्य में ग्रामवासियों की बैठक रखी गई। प्रतिदिन भजन, प्रवचन, भोजन प्रसादी के साथ रात्रिकालीन भजन संध्या होगी। बैठक में निर्मल साहेब, गुरुमुख साहेब, धर्मदास, हनुमंत साहू, राधेश्याम साहेब, अर्जुनदास, धीरज, नंद बाबा, ग्राम प्रमुख दवारिका साहू, सोसायटी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर, घनश्याम, फगेश्वर, कार्तिक, कोमल, भावेंद्र अग्रवाल, नोहर जुटे हुए हैं।

### नेशनल लोक अदालत में 89682 प्रकरणों में 6,50,97,387 रूपये का सेटलमेंट



**धमतरी।** रामकुमार तिवारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय धमतरी एवं बाह्य न्यायालय कुरूद एवं नगरी तथा राजस्व न्यायालयों में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से दांडिक प्रकरण के 25 मामले, श्रम न्यायालय के 10 मामले में 22,000 रू, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के 19 मामले में 1,88,21,000 रू., परिवार न्यायालय के 21 मामले, धारा 138 एन.आई.एक्ट के 13 मामले में 4562462 रू., सिविल के 9 मामले में 80000 रू., पीटि अफेन्स के 191 मामले में 2,86,600 रू, ट्रैफिक चालान के 1999 मामले में 7,11,400 रू. कुल 2287 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 2,44,83,462 रू. का सेटलमेंट किया गया। साथ ही प्रीलिटिगेशन एवं राजस्व न्यायालयों के 87395 प्रकरणों में 4,06,13,925 रू. का सेटलमेंट किया गया। इस प्रकार कुल 89682 प्रकरण में 6,50,97,387. रू. का सेटलमेंट किया गया।

### अग्निवीर में चयनित छात्र का शाउमावि बिरेतरा के स्कूल स्टाफ ने किया सम्मान



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा के पूर्व छात्र रेशांत कुमार ग्राम लिमतरा निवासी का भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। बेंगलुरु में प्रशिक्षण लेने के बाद गृह ग्राम आने पर स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभव एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर आईआईआईटी नया रायपुर के विद्यार्थी रहे हर्ष कुमार चंद्राकर ने भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की जानकारी दी। संस्था प्रमुख गेवाराम नेताम ने इसे संस्था एवं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का पल बताया।

### घासीदास बाबा मंदिर में आज होगी गुरु गद्दी स्थापना



■ सिहावा से कैटतराई तक रैली निकाली जायेगी

**नगरी।** ग्राम कैटतराई के संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के मंदिर में गुरु गद्दी स्थापना एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन आज 15 दिसंबर को किया जाएगा। इस दौरान धर्मगुरु सौरभ साहेब प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सेना गिरौदपुरी निवासी का आगमन दोपहर 1 बजे होगा। दोपहर 1:15 से 2 बजे तक सिहावा से कैटतराई तक भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें हरदीभाठा, पाईकभाठा, देवपुर सहित विभिन्न ग्रामों की पंथी पार्टियों की सहभागिता होगी। दोपहर 3 बजे गुरु गद्दी स्थापना होगी। संध्या 5 बजे से सतनाम गुरुवाणी का वाचन होगा। आयोजन की तैयारी में सतनामी समाज ब्लॉक नगरी के अध्यक्ष विष्णु कुमार टंडन, सचिव घनानंद सोनवानी, उपाध्यक्ष नंदलाल कश्यप एवं योगेंद्र भट्ट, खिलेश लहरे, गणेश चेलक, मुकेश कोसरे, संतोष चेलक, जगत मनहरे, शिवनारायण लहरे, खोरबाहरा कोसरे, इंदल चेलक, अनिरुद्ध सोनवानी, समाकांत चतुर्वेदी जुटे हैं।

### अरौद में राज्यस्तरीय ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा शुरू



**मगरलोड।** ग्राम अरौद में एसीसी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 14 से 18 दिसंबर तक राज्य स्तरीय ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ 14 दिसंबर रविवार को मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य नंदनी साहू ने किया। अध्यक्षता सरपंच पेखनलाल साहू, योगेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सोसायटी अध्यक्ष संतोष सोनी, सुरेंद्र साहू, रामकुमार, हीरू साहू, कुलेश्वर साहू, त्रिलोकचंद साहू, एसकुमार साहू, माखन साहू, कमलेश साहू, राजू साहू, टिकेश साहू थे। 18 दिसंबर को समापन अवसर के मुख्यातिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। अन्य अतिथि सरपंच पेखन साहू, रिखीराम साहू, संजय ध्रुव, देवव्रत साहू, ओमप्रकाश साहू, लक्खू केला, मीना साहू, जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, योगेश चंद्राकर, भूपेन्द्र साहू, रामस्वरूप साहू, देवनारायण साहू, सुरेश साहू, नंदू साहू होंगे।

## खबर संक्षेप



### न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना

**धमतरी।** ठिठुरन भरी ठंड से जरा सी राहत की खबर है। आगामी चार दिन तक प्रदेश में शीतलहर की स्थिति में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अगले चार दिन में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की हल्की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद फिर से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने तथा ठंड बढ़ने की संभावना है। अगले चार दिन तक प्रदेश में शीतलहर की स्थिति में कमी आ सकती है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। जिले में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री तथा 12 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है।

### साय के नेतृत्व में छग विश्वास और स्थिरता के नए अध्याय की ओर अग्रसर : रंजना

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



के नेतृत्व में राज्य ने सुशासन, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज ही के दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने शपथ ली थी और इन दो वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। आगे कहा कि सुशासन सरकार के सफलतम दो वर्ष सेवा, संकल्प और समर्पण की मिसाल हैं। इन वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास, विश्वास और स्थिरता के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार ने भय और आतंक के माहौल को समाप्त करने के लिए नक्सल विरोधी अभियान को तेज किया, जिससे प्रदेश में शांति और खुशहाली का वातावरण बना है। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 एकड़ तक धान खरीदी कर सम्मान दिया जा रहा है। वहीं महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्य हुए हैं। बिजली, पानी, सड़क, किसान और युवाओं के कल्याण में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं।

### वीरनारायण सिंह के त्याग और संघर्ष को किया स्मरण



**नगरी।** आदिवासी समाज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस दुगली में श्रद्धा, सम्मान और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वीरनारायण सिंह के त्याग और संघर्ष को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जीएस ठाकुर थे। विशेष अतिथि भूपेंद्र नेताम अध्यक्ष शासकीय सेवक संघ कुरूद तथा मयाराम नागवंशी अध्यक्ष गोंडवाना समाज उपक्षेत्र दुगली थे। वक्ताओं ने वीरनारायण सिंह के बलिदान को छत्तीसगढ़ के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बाला मंडावी, हरक मंडावी, बंशी सोरी, बुधराम नेताम, चिंताराम तुमरेटी, सुरेश नेताम, फलेंद्र मंडावी, मुकेश नेताम, सोमनाथ नेताम, अश्वन गोटा, गणेश तुमरेटी, दिनेश नेताम, रामकुंवर मंडावी, मानकी कुंजाम, कलावती मरकाम सहित उपक्षेत्र दुगली के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वनांचल में हुआ क्रिकेट

# पुलिस और पब्लिक के बीच बना दोस्ताना माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस और लोगों के बीच दोस्ताना माहौल बनाने के लिए पुलिस ने क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के 16 गांवों की टीम ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुदूर वनांचल गांव बेलरबाहरा पहुंचे और लोगों को नक्सल सरेंडर नीति की जानकारी दी।

वनांचल कभी नक्सलवाद के आतंक से सहमा हुआ था। पुलिस की सक्रियता और लोगों के साथ दोस्ताना व्यवहार से नक्सलवाद जिले से लगभग समाप्त हो गया है। वहीं पुलिस और लोगों के बीच दोस्ताना माहौल भी बना है। इस सफलता में सामुदायिक पुलिसिंग का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी अभियान को और आगे बढ़ाते हुए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग, सिविक एक्शन अंतर्गत थाना मेचका क्षेत्र में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 16 ग्रामों की टीम ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। पुलिस ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री परिहार सुदूर ग्राम बेलरबाहरा पहुंचे और नक्सल सरेंडर नीति की जानकारी देते हुए मुख्यधारा से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सरकार वनांचल के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आवास सहित कई सुविधाएं वनांचल में मिल रही हैं। बच्चों को अच्छा जीवन देना है तो मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ना होगा।

### इन टीमों ने लिया हिस्सा

क्रिकेट क्लब बासीन, क्रिकेट क्लब बेलरबाहरा, क्रिकेट क्लब ठेनही, क्रिकेट क्लब आमाबहार, क्रिकेट क्लब मासूलखोई, क्रिकेट क्लब करखा, क्रिकेट क्लब मादागिरी, क्रिकेट क्लब मेचका, क्रिकेट क्लब खालगढ़, क्रिकेट क्लब अरसीकन्हार, क्रिकेट क्लब रिसगांव, क्रिकेट क्लब अर्जुनी, क्रिकेट क्लब तुमड़ीबहार, क्रिकेट क्लब दौड़ पंडरीपानी, क्रिकेट क्लब कसलोर, हाईस्कूल तुमड़ीबहार ने प्रतियोगिता में भागीदारी की।

### ठेनही की टीम रही विजेता

प्रतियोगिता में ठेनही की टीम विजेता रही। पुलिस विभाग ने उसे 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान किया। उपविजेता टीम बेलरबाहरा को 3 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं शील्ड दिया गया। तृतीय स्थान पर रिसगांव की टीम रही। इस टीम को 1 हजार रुपए नगद, चतुर्थ स्थान दौड़ पंडरीपानी की टीम रही। इनके अतिरिक्त प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट दी गई।

### अग्निवीर, आरक्षक में चयनितों का सम्मान



प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने युवाओं से नक्सलवाद से दूरी बनाने मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपराध एवं अपराधियों की समय पर सही सूचना पुलिस को देने की अपील की। युवाओं को पुलिस भर्ती एवं अग्निवीर भर्ती को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम बेलरबाहरा के दो युवकों के अग्निवीर एवं पुलिस आरक्षक में चयन होने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नगरी विपिन रंगारी, थाना प्रभारी मेचका अरुण साहू, बेलरबाहरा सरपंच नरेश माझी, जनपद सदस्य श्रीधन सोम, थाना मेचका स्टाफ समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मेनोनाईट सुंदरगंज चर्च की 125वीं वर्षगांठ पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

# चर्च में हुआ उत्तरवादी पाठ, विश्वास वचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च की 125वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतिम दिन रविवार को प्रभातफेरी के बाद चर्च में आराधना की पुकार प्रार्थना रेव्ह आशीष मिलाप द्वारा की गई। स्तुतिगान जुबली क्वायर द्वारा की गई। उत्तरवादी पाठ, विश्वास वचन व प्रभु की प्रार्थना बिशप अभय जोसमे की अगुवाई में की गई। कलिसियाई प्रार्थना बिशप व्हीएम जुर्री द्वारा की गई। स्तुतिगान, गीत जुबली क्वायर द्वारा, कलिसियाई सूचना स्थानीय पास्टर रेव्ह. आशीष मिलाप तथा स्वागत गीत समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद स्तुतिगान, जुबली क्वायर, शास्त्र पठन सेवक अनिल राघवा, प्रार्थना रेव्ह. अब्राहम जोसेफ, भेंट हेतु गीत जुबली क्वायर द्वारा गाया गया। भेंट अर्पण की प्रार्थना रेव्ह. सीपी गंगबेर द्वारा हुई। धन्यवाद ज्ञापन सेवक एससी ख्रिष्टी, समापन की प्रार्थना एवं आशीष वचन बिशप एसएस कुंजाम द्वारा की गई जिसमें समाजजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए।

इस अवसर पर बिशप एसएस कुंजाम, बिशप एन आशावान, बिशप व्हीएम जुर्री, बिशप अभय जोसेफ, रेव्ह. दीपक मसीह, रेव्ह. आशीष मिलाप, सेवक एससी ख्रिष्टी, सेवक अनिल राघवा, सेविका अर्चना नेताम, सेवक किरण जानसन, सेविका यकेमा मेहतो, सेविका शैलजा सोनवानी, रेव्ह. पीके सिंग, सेवक आरजे सायमन, नीरज नेताम, योगेश लाल, अनुराग मसीह, आर पीटर, वालेशचरण, कल्याण मसीह, स्वप्निल सोनवानी, राकेश सालोमन, राजेश मसीह, मार्विन चरण, नीतेश बेथे, प्रणय तिवारी, प्रणयलाल, विनेश मयंक विक्टर, सरिता असाई, सपना पाल, अभिषेक मिर्जा, अमन मिर्जा, अनिल लाल आदि उपस्थित थे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
16 दिसम्बर दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
17 दिसम्बर दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
पेशाब एवं किडनी रोग
▶▶ क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
▶▶ बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
▶▶ रात में बार-बार पेशाब जाना
▶▶ पेशाब कपड़े पर लीकेज होना
▶▶ क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
• पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
• प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
• मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
• पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
यौन रोग पेनिस में दाने (Balanitis) छाले, खुजली, चमड़ी ना खुलना
यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी, Erectile Dysfunction
क्या दवा लेने के बाद भी शुगर लेवल बढ़ा रहता है?
शुगर के कारण सुस्ती-कमजोरी-थकान, पाव के तलवों में जलन-झुनझुनी एवं दर्द का निदान
HB, कैल्शियम, यूरिक ऐसिड़, कोलेस्ट्रॉल एवं पेशाब की नि:शुल्क जांच
दवाईयों पर 20% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468

## संक्षिप्त खबरें

### जले मोटर की मरम्मत में जुटा तकनीकी अमला



**धमतरी।** वाटर फिल्टर प्लांट में मोटर जल जाने से उत्पन्न तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। निगम के जल विभाग एवं तकनीकी अमले द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है, ताकि नगरवासियों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। निगम अधिकारियों ने बताया कि मोटर की मरम्मत का कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है। आवश्यक परीक्षण और तकनीकी जांच के बाद आज से शहर में जलापूर्ति शत-प्रतिशत बहाल होने की पूरी संभावना है।

### डॉ. खुशबू बनीं छग राज्य हज कमेटी की सीईओ



**धमतरी।** धमतरी की डॉ. खुशबू उस्मान को शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वे हाजी मोहम्मद उमर उस्मान की बेटी हैं। मुस्लिम समाज की ओर से डॉ. खुशबू के पिता मोहम्मद उमर उस्मान को जैनब पैलेस के मीटिंग हॉल में सम्मान किया गया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष शेख मोबिन, हनफिया मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अहमद रजा, मस्जिद गरीब नवाज कमेटी के अध्यक्ष राजू कुरैशी, दिलावर रोकड़िया, बशीर अहमद, मोहम्मद शाह अहमद, सैय्यद नवाब अली, अब्दुल सलाम खत्री, इकबाल बुरहान, शेख आजम, निसार खान, अब्दुल हकीम, इकबाल खोखर, हाजी अजमल खान, हाजी अमीन कुरैशी मौजूद थे।

### महापौर ने दी स्व. त्रिवेणी बाई को श्रद्धांजलि



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर की मां स्व. श्रीमती त्रिवेणीबाई सोनकर के तीजनहावन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। महापौर श्री रोहरा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### रामलीला मैदान में गूंजेगी जनता की आवाज विधायक ओंकार दिल्ली रवाना



**धमतरी।** लोकतंत्र की रक्षा, संविधान की मजबूती और जनमत के सम्मान के लिए रामलीला मैदान नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू दिल्ली रवाना हुए। उनके साथ जनक ध्रुव विधायक बेंद्रानवागढ़, बालेश्वर साहू विधायक जैजेपुर, श्रीमती कविता प्राण लहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। दिल्ली रवाना होने से पूर्व विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यह महारैली लोकतंत्र पर हो रहे हमलों के खिलाफ जनता की एकजुट आवाज़ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधानिक मूल्यों और मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष कर रही है। जनादेश का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह महारैली लोकतंत्र के पक्ष में देशभर में एक मजबूत संदेश देगी और जनहित की लड़ाई को नई दिशा प्रदान करेगी।

### महापौर को अधिवक्ताओं की समस्याओं से कराया अवगत



**धमतरी।** स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य शत्रुहन सिंह साहू राजस्व न्यायालय धमतरी में कार्यरत अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनकी व्यावहारिक कठिनाइयों एवं मूलभूत समस्याओं से रूबरू हुए। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में पेयजल व्यवस्था का अभाव, महिला अधिवक्ताओं के लिए बार रूम की सुविधा न होने तथा राजस्व न्यायालय की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। अधिवक्ताओं की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शत्रुहन सिंह साहू ने वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिभुवन ध्रुवा सिन्हा एवं अधिवक्ता अनिल कुमार साहू के साथ महापौर रामू रोहरा से भेंटकर राजस्व न्यायालय में समुचित पेयजल व्यवस्था, महिला अधिवक्ताओं हेतु पृथक बार रूम की स्थापना तथा राजस्व न्यायालय को जिला एवं सत्र न्यायालय के समीप स्थानांतरित किए जाने चर्चा की। महापौर श्री रोहरा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने एवं आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### छाती में घासीदास जयंती एवं पंथी नृत्य 18 से

पुरी। ग्राम छाती में गुरु घासीदास जयंती एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा 18, 19 एवं 20 दिसंबर को किया गया है। शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती दानेश्वरी यादव सरपंच करेंगी। अध्यक्षता श्रीमती नम्रता दिली जनपद सदस्य धमतरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि रमेश यादव उपसरपंच, पवन बघेल, लालचंद दिली, अमृतलाल गायकवाड़ होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता धनेश्वरी यादव सरपंच छाती करेंगी। विशिष्ट अतिथि विजय गायकवाड़ पूर्व जनपद सदस्य, नरेंद्र साहू समिति प्रबंधक, रमेश यादव उपसरपंच छाती, शिव चंद्राकर मंडल अध्यक्ष छाती व अनीता ढीढी शिक्षिका होंगी। प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 6001, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए दिया जायेगा।